नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए	हुक्म या कार्यवाही मय इनीशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी बनेड़ा
रामनिवास ब्राह्मण बनाम बनराज ब्राह्मण वगै०
किस्म - प्रा० पत्र
नं० - 105/17

09.07.2019

पत्रावली पैश हुई। प्रार्थी मय अधिवक्ता उपस्थित। विपक्षीगण समस्त के सम्मन विधिवत तामील हो, रेकार्ड पर उपलब्ध है व इन विपक्षीगणों में से आज वक्त सुनवाई वास्ते अपना पक्ष रखने कोई हाजिर नही आया। प्रकरण वास्ते कायमी रास्ता प्रस्तुत हुआ है। प्रार्थी द्वारा इस प्रार्थनापत्र के माध्यम से चाहे गये रास्ते के मुकाबले राज्य पक्ष तहसीलदार बनेडा की ओर से प्रकरण में तथ्यात्मक/निष्कर्षात्मक रिपोर्ट प्राप्त होकर, शामिल मिसल है। जिसका अवलोकन किया गया। तहसीलदार बनेडा के प्रचलित डी.एल.सी. दर अनुसार मालियत राशि की दोगुनी राशि जमा/अदा किये जाने की सहमती प्रार्थी से ली जाने पर, प्रार्थी ने उक्त राशि जमा/अदा किये जाने से न्यायालय के समक्ष ईन्कार किया गया। आदेशिका पर इसका अंकन कर हस्ताक्षर की कहे जाने पर प्रार्थी ने ऐसा किये जाने से भी ईन्कार किया गया। ऐसी स्थिति में इस मौजूदा प्रार्थनापत्र को आगे पैशीयों पर चलाये जाने का कोई विधिक औचित्य प्रतीत नही होता है। प्रार्थी को इस विषयक प्रार्थनापत्र प्रस्तुतिकरण से पूर्व यह ज्ञात होना चाहिये था, कि निर्धारित राशि जमा/अदा करे बगैर प्रार्थनापत्र के माध्यम से चाहे गये अनुतोष का प्रार्थी को दिया जाना कतई सम्भव नही है।

उपरोक्त तथ्यों एवं परिस्थितियों को देखते हुए प्रार्थी प्रार्थनापत्र बाबत कायमी रास्ता में आगे की कार्यवाही इसी स्तर पर स्थगित की जाकर प्रकरण कों ड्रोप किये जाने की आज्ञा पारित की जाती है।

पत्रावली नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हों।

[signature]